कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, झुंझुनूं (राज0)

क्रमांक/स्थापना/2023/ 11234 दिनांकः– 07.12.2023

कार्यालय आदेश

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर की अधिसूचना क्रमांक 08/ई.वी./2022 दिनांक 12.12.2022 द्वारा सोमवार दिनांक 25 दिसम्बर, 2023 से रविवार दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 तक अधीनस्थ न्यायालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर आदेश क्रमांक 13/विविध/2023 दिनांक 02.12.2023 द्वारा निर्देशित किया गया है कि उक्त अवधि में जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीशों के समस्त न्यायालय बन्द रहेंगे, परन्तु वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय राजपत्रित एवं सार्वजनिक अवकाशों को छोडकर दिनांक 25.12.2023 से 31.12.2023 तक शीतकालीन अवकाश की अवधि में खुले रहेंगे। उक्त न्यायालय के पीठासीन अधिकारी एवं कर्मचारीगण शीतकालीन अवकाश का उपभोग नहीं करेंगे।

1. माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के उक्त आदेशों की अनुपालना में दिनांक 25.12.2023 से 31.12.2023 तक शीतकालीन अवकाश की अवधि में जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अनुपस्थिति में उक्त न्यायालयों से सम्बन्धित पूरे सेशन खण्ड/न्यायक्षेत्र के ऐसे आवश्यक आवेदन–पत्र जो उक्त न्यायालयों के समक्ष पेश किये जावेगें या लम्बित हैं, उन्हें निपटाये जाने हेतु झुंझुनूं मुख्यालय स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में बैठक कर सुनवाई करने व निपटाने हेतु इस न्यायक्षेत्र के निम्न अधिकारीगण को अधिकृत किया जाता है, उक्त शीतकालीन अवकाश की अवधि में (राजपत्रित एवं सार्वजनिक अवकाशों को छोडकर) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, झुंझुनूं का स्टाफ उपस्थित रहेगा।

1.	किशोर न्याय बोर्ड, झुंझुनूं	दिनांक 26.12.2023 से 27.12.2023
2.	वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पिलानी	दिनांक 28.12.2023 से 30.12.2023

2. माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के उक्त आदेशों की अनुपालना में दिनांक 25.12.2023 से 31.12.2023 के शीतकालीन अवकाश की अवधि में सम्पूर्ण न्यायक्षेत्र/सेशन खण्ड के जमानत एवं निरोध अवधि की अभिवृद्धि (रिमाण्ड) संबंधी तथा अन्य आवश्यक सिविल मामलों को निपटाने व अन्य आवश्यक एवं दैनिक कार्य किये जाने हेतु सम्पूर्ण न्यायक्षेत्र/सेशन खण्ड के लिए निम्न अधिकारी/न्यायालय को अधिकृत किया जाता हैं, जिनकी बैठक अपने न्यायालय में रहेगी एवं उनका स्टाफ उपस्थित रहेगा।

1.	सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, चिड़ावा	दिनांक 26.12.2023 से 27.12.2023
2.	सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बुहाना	दिनांक 28.12.2023 से 30.12.2023

7/12/23

(देवेन्द्र दीक्षित)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
झुंझुनूं

क्रमांक/स्थापना/2023/ 11271 दिनांकः– 07.12.2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित है :–

1. श्रीमान रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर को उनके आदेश क्रमांक 13/विविध/2023 दिनांक 02.12.2023 के संदर्भ में प्रेषित है।
2. जिला कलेक्टर, झुंझुनूं/जिला पुलिस अधीक्षक, झुंझुनूं
3. विशिष्ट न्यायाधीश, विशेष न्यायालय, (POCSO Act & CPCR Act Cases) झुंझुनूं
4. विशिष्ट न्यायाधीश, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अ0नि0प्र0), झुंझुनूं
5. अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या – 01/02, झुंझुनू/संख्या 01/02 खेतड़ी/चिड़ावा
6. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, झुंझुनू
7. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, झुंझुनूं/खेतडी/नवलगढ/उदयपुरवाटी/पिलानी/प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, झुंझुनूं
8. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, झुंझुनूं/खेतडी/चिडावा/उदयपुरवाटी/पिलानी/बुहाना/सूरजगढ़/अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, झुंझुनूं
9. न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, नवलगढ़
10. अध्यक्ष अभिभाषक संघ, झुंझुनूं/खेतड़ी/चिड़ावा/नवलगढ़/उदयपुरवाटी/पिलानी/बुहाना/सूरजगढ़
11. जिला कारागृह, झुंझुनूं/स्थापना शाखा
12. सिस्टम ऑफिसर, अदालत हाजा (साईट पर अपलोड हेतु)

(देवेन्द्र दीक्षित)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
झुंझुनूं